झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

28 Aug 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 28 अगस्त का इतिहास

- **1600 :** मुगलों ने अहमदनगर पर कब्जा किया।
- **1904 :** कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन हुआ।
- **1972 :** साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण बिल पारित किया गया
- **1984 :** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **2001 :** भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी, पाकिस्तान के 8 सैनिक मरे
- **2008 :** भारतीय रिजर्व बैंक ने 1999 और 2000 के सभी नोटो को प्रचलन से हटाने का निर्णय किया।

## 28 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने घोषणा की है कि प्रतिष्ठित खेलों इंडिया महिला लीग को अब से अस्मिता महिला लीग के रूप में मान्यता दी जाएगी। यह उद्देश्यपूर्ण परिवर्तन लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और खेल के क्षेत्र में महिलाओं की जीवंत भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता हैं।
- ब्रिक्स राष्ट्र एक नई विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणाली शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ब्रिक्स देशों के शिक्षा मंत्रियों ने दक्षिण अफ्रीका में हुई एक बैठक में विश्वविद्यालयों के लिए एक स्वायत रेटिंग प्रणाली स्थापित करने का समझौता किया हैं। सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव का स्पष्ट समर्थन किया।
- मानव जनित जलवायु परिवर्तन ओर विघटनकारी भूमि प्रबंधन प्रथाओं के कारण घातक वनाग्नि की घटनाओं की व्यापकता बढ़ गई है। हाल ही में किया गया एक नवीन अध्ययन प्लेइस्टोसिन युग के दौरान कैलिफोर्निया के इतिहास पर प्रकाश डालता है, पृथ्वी 60 मिलियन से अधिक वर्षो में वर्तमान में सबसे बड़ी विलुप्ति की आपदा के साथ साथ गंभीर जलवायु परिवर्तन का भी सामना कर रही है।
- थाई प्रॉपर्टी टायकून श्रेथा थाविसिन को संसदीय मतदान में एक स्पष्ट जीत के बाद थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। 60 वर्षीय थाविसिन की संसदीय मतदान में जीत, सभा के दो तिहाई समर्थन के साथ 100 दिन पहले हुई चुनाव के बाद आयी राजनीतिक अस्थिरता के हफ्तों को समाप्त करती है।
- ग्रामीण विकास विभाग, भूमि संसाधन विभाग ओर पंचायती राज मंत्रालय की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना नई दिल्ली में लॉन्च की गई हैं। वार्षिक क्षमता निर्माण योजना एक व्यापक रणनीतिक दस्तावेज है जिसे व्यक्तियों के कौशल के विकास और सुधार में सहायता के लिए डिजाइन किया गया हैं। यह योजना सेवाओं की डिलीवरी, कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और शासन के मुख्य कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- चंद्रमा का साउथ पोल अपनी अनूठी विशेषताओं के कारण खोज का केंद्र बिंदु बन गया हैं। चंद्रयान-3 के लैंड मॉडयूल की तैयारियां जारी हैं, जो इसरो की तीसरी चंद्रमा मिशन का हिस्सा है। एक सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव, पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह, तक पहुंचने वाला पहला देश बना देगी। चंद्रयान 3, चंद्रयान 2 का अनुवर्ती मिशन है जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और नरम लैंडिंग का प्रदर्शन करना, चंद्रमा पर घूमना और इन सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना है। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र चिलचस्प है क्योंकि इसके आसपास स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों में पानी की संभावना हो सकती है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है जिसका उद्देश्य ऋण सुलभता के लिये सार्वजनिक तकनीकी मंच की व्यवहार्यता के मूल्यांकन के साथ ही ऋणदाताओं द्वारा निर्बाध ओर कुशल ऋण वितरण की सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया का मूल्यांकन करना है तथा भारत में वितीय समावेशन को बढ़ावा देना हैं। यह पहल भारतीय रिजर्व बैंक की विकासात्मक और नियामक नीतियों के हिस्से के रूप में है।
- समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय तट रक्षक और फिलीपींस तट रक्षक द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल और कमांडेंट पीसीजी एडमिरल आर्टेमियो एम अबू ने तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने समुद्री क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर पहली द्विपक्षीय बैठक भी की।
- वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में एक ऐसे बैक्टीरिया का पता लगाया है जो मीथेन खा सकता हैं। अध्ययन के अनुसार बैक्टीरिया का यह प्रकार संभावित रूप से लैंडफिल धान के खेतों, तेल और गैस कुओं जैसे प्रमुख स्थलों से मीथेन को हटा सकता हैं। इससे संबंधित अध्ययन जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित किया गया।
- रियल एस्टेट परियोजनाओं की जांच के लिए गठित पैनल ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी। नीति आयोग के पूर्व सीईओ और भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। यह एक 14 सदस्यीय समिति थी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. हाल ही में सरकार 6 राज्यों में मेरा बिल मेरा अधिकार जीएसटी इनाम योजना शुरू करने की योजना कब से शुरू करेगी ?**

(A) 30 अगस्त (B) 1 सितंबर
(C) 5 सितंबर (D) 10 सितंबर

**(B)** सरकार मेरा बिल मेरा अधिकार इनवॉइस प्रोत्साहन योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 रूपये से 1 करोड़ रूपये तक का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसे असम, गुजरात और हरियाणा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, दमन और दीव तथा दादरा ओर नगर हवेली में लॉन्च किया जाएगा।



**2. हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार किस शहर में मंदिर संग्रहालय बनाएगी ?**

(A) अयोध्या (B) मथुरा
(C) वाराणसी (D) उपरोक्त सभी

**(A)** भारतीय मंदिरों की स्थापत्य विरासत और वैज्ञानिक तत्वों को प्रदर्शित करने के लिए यूपी सरकार ने अयोध्या में एक मंदिर संग्रहालय बनाने की योजना की घोषणा की है। इस संग्रहालय का उद्देश्य हिंदू मंदिरों के गौरवशाली इतिहास को बताना और लोगों को उनके बारे में जागरूक करना होगा।



**3. हाल ही में कौनसा राज्य सरकार NEP 2020 को खत्म कर के नई शिक्षा नीति बनाएगी?**

(A) असम (B) ओडिशा
(C) छत्तीसगढ़ (D) कर्नाटक

**(D)** हाल ही में बेंगलुरू में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ओर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को खत्म करते हुए एक नई शिक्षा नीति बनाएगी।




**4. भारतीय जीवन बीमा निगम ने डी मर्जर एक्शन के जरिए जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में कितने फीसदी हिस्सा लिया ?**

(A) 3.5% (B) 5.2%
(C) 6.7% (D) 9.9%

**(C)** भारतीय जीवन बीमा निगम ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज जो मुकेश अंबानी द्वारा संचालित अंबानी इंडस्ट्रीज के तत्वों से निर्मित एक गैर बैंकिंग वितीय सेवा इकाई है, में 6.7% हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा डीमर्जर कार्रवाई के माध्यम से किया गया अधिग्रहण दोनों संस्थानों और व्यापक वितीय बाजारों पर उल्लेखनीय प्रभाव डालने के लिए तैयार है।



**5. हाल ही में किस क्रिकेटर को ECI द्वारा नेशनल आइकॉन के रूप में नामित किया गया है ?**

(A) सचिन तेंदुलकर (B) महेंद्र सिंह धोनी
(C) राहुल द्रविड़ (D) विराट कोहली

**(A)** हाल ही में सचिन तेंदुलकर क्रिकेटर को ईसीआई द्वारा नेशनल आइकॉन के रूप में नामित किया गया। चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक भागीदारी की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाएंगे। चुनाव निकाय ने राजधानी में श्री तेंदुलकर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह तीन साल का समझौता है जिसके तहत क्रिकेट के दिग्गज मतदाता जागरूकता फैलाएंगे।

Contact : 8084818282, 9113365645

**6. हाल ही में किसे सीएसआर टाइम्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है ?**

(A) दीपक घर (B) शेखर कपूर
(C) शालू जिंदल (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** अग्रणी समाजसेवी और जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया हैं। विविध सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचितों और जरूरतमंदों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में उत्कृष्ट और सकारात्मक योगदान के लिए प्रतिष्ठित सीएसआर टाइम्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2023 प्रदान किया।




**7. हाल ही में ऑल-इन-वन IRIS मोबाइल एप किस बैंक ने लॉन्च किया ?**

(A) केनरा बैंक (B) यस बैंक
(C) यूको बैंक (D) धन लक्ष्मी बैंक

**(B)** भारत के डिजिटल बैंकिंग परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यस बैंक द्वारा आईआरआईएस पेश किया हैं। यह नवोन्मेषी ऐप सुविधा, दक्षता और वैयक्तिकरण का एक अद्वितीय संयोजन पेश करते हुए ग्राहकों के अपने वित्तीय संस्थानों के साथ जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं।




**8. हाल ही में सीएसआईआर प्राइमा ईटी11 का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) राजनाथ सिंह
(C) अमित शाह (D) जितेंद्र सिंह

**(D)** सीएसआईआर प्राइमा ईटी11 भारत का पहला स्वदेशी ई ट्रैक्टर, सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट दुर्गापुर द्वारा विकसित किया गया हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि स्टार्टअप की भूमिका पर प्रकाश डाला और कृषि में नई और एआई संचालित प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आहवान किया।



**9. जी20 देशों ने 2022 में जीवाश्म ईंधन का समर्थन करने के लिए कितने ट्रिलियन डॉलर खर्च किए ?**

(A) 1.2 ट्रिलियन डॉलर (B) 1.4 ट्रिलियन डॉलर
(C) 2.5 ट्रिलियन डॉलर (D) 2.9 ट्रिलियन डॉलर

**(B)** फैनिंग द फ्लेम्स जी20 जीवाश्म ईंधन के लिए रिकॉर्ड वित्तीय सहायता प्रदान करता हैं। शीर्षक से एक अध्ययन के अनुसार जी20 सदस्यों ने 2022 में जीवाश्म ईंधन का समर्थन करने के लिए लगभग 116 लाख करोड़ रूपये खर्च किए। यह अध्ययन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट और उसके सहयोगियों द्वारा जारी किया गया।




**10. हाल ही में किस राज्य ने अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का उद्घाटन किया है ?**

(A) केरल (B) पंजाब
(C) राजस्थान (D) कर्नाटक

**(A)** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने हाल ही में कचरा मुक्त राज्य के लक्ष्य के साथ मलिन्य मुक्तम नवकेरलम अभियान के हिस्से के रूप में 2400 करोड़ रूपये की केरल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का उद्घाटन किया हैं। उद्योग मंत्री पी. राजीव ने सामग्री संग्रह और संसाधन पुनप्रीति सुविधाओं के लिए अभिनव डिजाइन का अनावरण किया।

